## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : तेजली खेल स्टेडियम में लगा तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर

# योग से निरोग रहने के गुर सिखेंगे जिला के प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी

### प्रशासनिक कार्यों के तनाव को कम करने में योग की अहम भूमिकाः अशोक कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में वीरवार को तेजली खेल स्टेडियम में प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. रजनीश व जिला शिक्षा अधिकारी प्रेमलता ने किया। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रुप में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार मौजूद रहे।

जिला शिक्षा अधिकारी प्रेमलता ने कहा कि योग शिक्षा का अभिन्न अंग है। शिक्षकों व विद्यार्थियों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। इस तरह के शिविर से शिक्षक स्वयं सीखकर स्कूलों में बच्चों को भी योग के लिए प्रेरित करेंगे। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है।


यमुनानगर। तेजली खेल परिसर में आयोजित तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर में पहले दिन योग करते प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

प्रशासनिक कार्यों के तनाव को कम करने में योग की अहम भूमिका है। सभी कर्मचारियों को इसे दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए। शिविर के पहले दिन जिला योग विशेषज्ञ डॉ. शिव सैनी द्वारा सभी प्रतिभागियों को सामान्य योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया गया। डॉ. शिव कुमार सैनी ने ताड़ासन, भद्रासन, वज्रासन, भुजंगासन, कपालभाति व नाड़ीशोधन प्राणायाम का अभ्यास करवाते हुए प्रत्येक आसन के महत्व और लाभ के बारे में विस्तार से बताया।

इस अवसर पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. रजनीश ने कहा कि अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए इस तरह के प्रशिक्षण शिविर से वे स्वयं तो लाभान्वित होंगे ही। साथ ही आमजन को भी योग के लिए प्रेरित कर सकेंगे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की अपील की।

## विद्यार्थी योग को बनाएं दिनचर्या का हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

उज्चतर शिक्षा विभाग व हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में मुकंदलाल नेशनल कालेज रादौर में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्यातिथि के रुप में डॉ. महेंद्र सिंह ने भाग लिया।

मुख्यातिथि डॉ. महेंद्र सिंह ने गोष्ठी में विद्यार्थियों को नशा मुक्त जीवन जीने और योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को ब्लॉक स्तर पर मनाए जाने को लेकर तैयारियां जोरो से की जा रही हैं। कार्यक्रम में स्कूल व कॉलेज के छात्र भाग लेंगे। जिसको लेकर योग अभ्यास करवाए जा रहे हैं। उन्होने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रादौर में योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विद्यार्थी, युवा और हजारों की संख्या में लोग भाग लेंगे।


रादौर। मुकंदलाल नेशनल कॉलेज में गोष्ठी में विचार व्यक्त करते डॉ. महेंद्र सिंह।

## जिला सचिवालय के समक्ष भाकपा और माकपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

# अमेरिका से ट्रेड डील व बढ़ती महंगाई के खिलाफ लेफ्ट हुआ लाल, फूंका पुतला

### भाकपा के जिला सचिव हरभजन सिंह ने किया प्रदर्शन का नेतृत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी व कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के कार्यकर्ताओं ने देश में बढ़ती महंगाई, अमेरिका के साथ ट्रेड डील, पेपर लीक, केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों, राजनैतिक आपराधिक करण व बेरोजगारी के मुद्दों को लेकर वीरवार को जिला सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और लघु सचिवालय के समक्ष केंद्र सरकार का पुतला जलाकर विरोध प्रक्ट किया।


यमुनानगर। जिला सचिवालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करते भाकपा और माकपा के कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

वीरवार सुबह भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी व कम्युनिस्ट मार्क्सवादी पार्टी के सैंकड़ो कार्यकर्ता अपने हाथों में पार्टी के झंडे लेकर भाकपा के जिला सचिव हरभजन सिंह संधू व माकपा जिला सचिव प्यारेलाल तंवर के नेतृत्व में जिला सचिवालय के समक्ष पहुंच गए और प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने काफी देर तक धरना प्रदर्शन किया। मौके पर उन्होंने केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों को लेकर नारेबाजी की।

इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार का पुतला जलाकर रोष जताया। मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेताऑ जरनैल सिंह सांगवान ने कहा कि केंद्र सरकार की पूंजीपति समर्थक नीतियों के कारण पहले ही जनता महंगाई की भारी मार झेल रही है। अब अमेरिका-इजरायल द्वारा ईरान पर थोपे गए युद्ध के कारण तेल गैस की कीमतें लगातार बढ़ाई जा रही हैं। जिससे जन जीवन में उपयोग आने वाली सभी वस्तुएं और महंगी हो गई हैं।

अरबपतियों की संख्या व संपत्ति बढ़ रही है और 50 प्रतिशत से ज्यादा आबादी और ज्यादा गरीबी की मार झेल रही है। शिक्षा ,स्वास्थ्य और रोजगार की हालत दयनीय है। दोनों पार्टियों के नेताओं ने एसआईआर के माध्यम से काटे गए वोटों को लोकतंत्र पर हमला बताया।

उन्होंने कहा कि एसआईआर के जरिए वोट काटकर लोगों को उनके नागरिक अधिकार से वंचित करने व नागरिक सुविधाओं को बंद करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। सभी संवैधानिक निकायों के ऊपर कब्जा करके मोदी सरकार नागरिक अधिकारों को कुचल कर जनता के ऊपर बोझ लाकर दरिद्रता की तरफ धकेल रही है।

#### पेपर लीक करके युवाओं के साथ की जा रही साजिश

वामपंथी पार्टियों के नेताओं ने आरोप लगाया कि पेपर लीक करके युवा वर्ग को बेरोजगार रखने का षडयंत्र किया जा रहा है। पेपर लीक करवाना और दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई न करके राजनीतिक अपराधीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिसका खामियाजा देश को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि बढ़ती महंगाई पर अंकुश नहीं लगाया गया और अमेरिका के साथ डील रद्द नहीं की गई तो भाकपा और माकपा देश भर में आंदोलन छेड़ देगी। इस अवसर पर महिपाल चमरौड़ी, सतपाल सैनी, जोत सिंह , हरिचंद, सरबती, नीलम, विनोद त्यागी, विजय पाल, संजय चमरौड़ी, सोमनाथ व रामकरण आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### विद्यार्थी जीवन में स्किल्स की भूमिका महत्वपूर्ण

**रादौर।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर में शिक्षकों के सतत व्यावसायिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत इन हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का विषय लाइफ स्किल्स रहा जिसका उद्देश्य शिक्षकों को जीवन कौशलों की अवधारणा, उनके महत्व व विद्यार्थियों के समग्र विकास में उनकी भूमिका से अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्य रीतू सिंगला ने कहा कि आज के सामाजिक और शैक्षिक परिवेश में केवल शैक्षणिक उपलब्धियाँ ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, निर्णय लेने की क्षमता, समस्या समाधान, प्रभावी संचार व भावनात्मक संतुलन जैसे जीवन कौशलों का विकास भी आवश्यक है। मुख्य वक्ता सीबीएसई रिसोर्स पर्सन एवं मास्टर ट्रेनर अमित सिंघल ने अपने प्रशिक्षण सत्र में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित दस प्रमुख जीवन कौशलों आत्म-जागरूकता, सहानुभूति, प्रभावी संचार, पारस्परिक संबंध, निर्णय निर्माण, समस्या समाधान, रचनात्मक चिंतन, आलोचनात्मक चिंतन, भावनाओं का प्रबंधन व तनाव प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की।




### विद्यार्थियों को दिया एआई टूल्स का प्रशिक्षण

**रादौर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर की ओर से आयोजित तीन दिवसीय एआई मास्टरिंग बूट कैंप वीरवार को संपन्न हो गया। बूट कैंप में क्षेत्र के नौ प्रतिष्ठित कॉलेजों एवं शिक्षण संस्थानों के स्नातक विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जनरेटिव एआई, प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग, डिजिटल उत्पादकता टूल्स तथा भविष्य के रोजगार अवसरों से परिचित कराना था। तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न एआई टूल्स का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बूट कैंप में आईजीएन कॉलेज लाडवा, डीएवी पीजी कॉलेज करनाल, बाबू राम जनता कॉलेज कौल, पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय करनाल, एमएलएन कॉलेज रादौर, एमएलएन कॉलेज यमुनानगर, एसयूएस राजकीय महाविद्यालय मटकमाजरी इंद्री, ज्योतिबा फुले राजकीय महाविद्यालय रादौरी तथा जेएमआईईटीआईए रादौर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। संस्थान के निदेशक डॉ.एसके गर्ग ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वर्तमान समय की सबसे प्रभावशाली तकनीकों में से एक है और आने वाले वर्षों में यह रोजगार एवं व्यवसाय के स्वरूप को व्यापक रूप से प्रभावित करेगी। प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा डॉ.अनुजा गोयल ने कहा कि एआई आज केवल तकनीकी क्षेत्र तक सीमित नहीं है बल्कि प्रबंधन, विपणन, वित्त, मानव संसाधन एवं उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में इसकी उपयोगिता बढ़ रही है।



### घट-घट में विराजमान है परमात्मा : सिंह

**रादौर।** संत निरंकारी मिशन के तत्वावधान में गांव अलाहर में विशाल संत समागम का आयोजन किया गया। समागम की अध्यक्षता जोनल इंचार्ज श्रद्धेय सुरेंद्र पाल सिंह ने की। समागम में सुरेंद्र पाल सिंह ने परमात्मा की निशानियों एवं परमात्मा को प्राप्त करने के सरल एवं सहज मार्गों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि परमात्मा सर्वव्यापक, निराकार और घट-घट में विराजमान है। उसकी पहचान सत्गुरु की कृपा द्वारा ही संभव है। जब मनुष्य ब्रह्मज्ञान प्राप्त करके परमात्मा को जान लेता है, तब उसके जीवन में प्रेम, शांति, विनम्रता और मानवता के गुण स्वतः ही विकसित होने लगते हैं। उन्होंने संगत को संदेश दिया कि केवल धार्मिक कर्मकांडों से नहींए बल्कि सत्गुरु द्वारा दिए गए ज्ञान, भक्ति, सेवा व सुमिरण के माध्यम से परमात्मा का अनुभव किया जा सकता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को आपसी प्रेम, भाईचारे और मानव एकता के सिद्धांतों को अपनाने की प्रेरणा दी। समागम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर सत्संग का लाभ प्राप्त किया।



### जनता की समस्याओं का हो रहा त्वरित समाधान

**यमुनानगर।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला सचिवालय में वीरवार को जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नगराधीष पीयूष गुप्ता ने लोगों की समास्याएं सुनी। उन्होंने अधिकांश समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया और शेष को संबंधित अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए गए। नगराधीष पीयूष गुप्ता बताया कि समाधान शिविर में वीरवार को सात शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिसमें जगाधरी निवासी समय सिंह ने बिजली के बिल बारे, मालविया नगर निवासी मुनीश कुमार गोयल ने फैक्ट्री के सामने बिजली की लटकती हुई तारे हटवाने बारे, रमन कुमार ने मेनहोल ठीक करवाने बारे, नानक सिंह ने पोल बदलवाने बारे, संपूर्ण सिंह ने पानी की निकासी बारे व शशि कुमार ने बिजली के मीटर की सीटी बदलने और बिल सही करने बारे समस्याएं रखी। जिनमें से अधिकांश का मौके पर निपटान कर दिया गया। जबकि शेष बची समस्याओं को संबंधित अधिकारियों के पास समाधान के लिए भेज दिया गया। नगराधीष पीयूष गुप्ता ने बताया कि समस्या समाधान शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय समाधान शिविर जिला सचिवालय के सभागार में तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर व्यासपुर, छछरौली व रादौर में स्थित एसडीएम कार्यालय में आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य है जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है।

## खबर संक्षेप




### सफाई कर्मियों के हित के लिए प्रतिबद्ध है सरकार

**यमुनानगर।** नगर पालिका साढ़ौरा के सफाई कर्मचारियों की नपा कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य अधिवक्ता संजीव घारू ने की। उन्होंने बैठक में नपा साढ़ौरा के सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को सुना और उनके जल्द समाधान का आश्वासन दिया। सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य अधिवक्ता संजीव घारू ने कहा कि हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व तथा सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय विभाग,के कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के मार्गदर्शन में सफाई कर्मचारियों के कल्याण, सम्मान और सामाजिक सुरक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

### विकसित भारत के संकल्प के लिए करेंगे जागरूक

**यमुनानगर।** जिला प्रशासन द्वारा केंद्र सरकार की उपलब्धियों और विकसित भारत संकल्प को साकार करने के लिए 20 जून तक जिले भर में अभियान चलाकर आमजन को जागरुक किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उक्त जानकारी उपायुक्त प्रीति ने दी। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि केंद्र सरकार के बारह वर्ष पूर्ण होने पर जिले में 20 जून तक अभियान चलाया जाएगा। जिसका शुभारंभ शुक्रवार से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जिनके माध्यम से आमजन को केंद्र सरकार की उपलब्धियों व विकसित भारत संकल्प को पूरा करने के लिए जागरुक किया जाएगा। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि 13 जून को पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा।


रादौर। निगरानी समिति (दिशा) के नवनियुक्त सदस्य परमजीत सिंह पम्मी का मुंह मीठा करवाकर बधाई देते कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## परमजीत सिंह पम्मी को दिशा का बनाया गया सदस्य

■ कार्यकर्ताओं ने रादौर में लड्डू बांटकर जताई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

भाजपा नेता परमजीत सिंह पम्मी खेड़की को सरकार द्वारा जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) का सदस्य बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई है। कार्यकर्ताओं ने रादौर में कार्यक्रम आयोजित कर समिति के नवनियुक्त सदस्य का जोरदार स्वागत किया और लड्डू बांटकर एक दूसरे का मुंह मीठा करवाकर खुशी जताई। समिति (दिशा) के नवनियुक्त सदस्य परमजीत सिंह पम्मी खेड़की ने उन्हें सदस्य नियुक्त किए जाने पर सरकार व कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि वह समिति में मिली जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से करते हुए क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा विकास कार्यों की निगरानी में सक्रिय भूमिका निभाई जाएगी। उन्होंने उनका स्वागत करने के लिए स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं का भी आभार जताया है।

## देव राज विनायक चैरिटेबल हॉस्पिटल व गुरु नानक खालसा कॉलेज के बीच समझौता

### शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा में सहयोग को मजबूत करने हेतु किया समझौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

छात्रों और समाज के फायदे के लिए एकेडमिक, स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने के मकसद से गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर और देव राज विनायक चैरिटेबल हॉस्पिटल यमुनानगर के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते का मकसद शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों, मेडिकल कैंप, इंटर्नशिप, कम्युनिटी आउटरीच गतिविधियों और मिलकर किए जाने वाले कामों के लिए अवसर प्रदान करना है।

कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला ने कहा कि यह सहयोग छात्रों के लिए प्रैक्टिकल अनुभव हासिल करने और सामाजिक कल्याण की गतिविधियों में योगदान देने के नए रास्ते खोलेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समाज की बेहतरी के लिए शिक्षण संस्थानों और स्वास्थ्य सेवा संगठनों को मिलकर काम करना चाहिए। देव राज विनायक चैरिटेबल हॉस्पिटल के चेयरमैन ने इस साझेदारी पर खुशी जाहिर की और कहा कि अस्पताल गुरु नानक खालसा कॉलेज जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ सार्थक सहयोग के जरिए शिक्षा और सामुदायिक कल्याण की पहलों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। वरिष्ठ पत्रकार ओम पाहवा ने एक नेक सामाजिक मकसद के लिए दोनों संस्थानों के साथ आने की कोशिशों की प्रशंसा की। उन्होंने जागरूकता, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच और सामुदायिक विकास को बढ़ावा देने में ऐसी साझेदारियों के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रबंधक समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह समझौता ज्ञापन शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और मानवीय सेवा के प्रति एक सांझी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।


यमुनानगर। गुरु नानक खालसा कॉलेज में हुए समझौता ज्ञापन को दिखाते प्रिंसिपल डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला। फोटो : हरिभूमि

## किसानों व गरीबों के हित में तमाम योजनाएं चला रही केंद्र सरकार

# विश्व में आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में उभरा भारत

### पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मजबूत राष्ट्र की बनी है भारत की छवि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व भर में आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में उभरा है। उन्होंने उक्त शब्द रादौर के श्री नागेश्वर धाम मंदिर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कहे। कार्यक्रम में धार्मिक, सामाजिक व स्वयंसेवी संगठनों के सदस्यों ने भाग लिया।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने किसान हितैषी योजनाएं, ग्रामीण विकास कार्यक्रम, डिजिटल क्रांति, आधारभूत ढांचे के विस्तार तथा गरीब कल्याण की योजनाओं को शुरू किया है। जिनका लाभ देश के करोड़ों लोगों तक पहुंचा है। कहा कि पीएम के नेतृत्व में भारत मजबूत और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में उभरा है। प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई योजनाओं जैसे प्रधान मंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन तथा किसान सम्मान निधि ने लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है।


रादौर। श्री नागेश्वर धाम मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा। फोटो : हरिभूमि

#### प्रभावी ढंग से प्रदेश में योजनाएं हो रही हैं लागू

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में किसानों, युवाओं, महिलाओं एवं समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू कर रही है। इस अवसर पर चेयरमैन धर्म सिंह बंचल, नपा रादौर के चेयरमैन रजनीश मेहता, ब्लाक समिति रादौर के चेयरमैन विपिन कांबोज, जिला परिषद के उपाध्यक्ष अग्नि विजय, भाजपा जिला उपाध्यक्ष हैप्पी खेड़ी,पार्षद भगवतदयाल कटारिया, मास्टर सतपाल कांबोज, रोटरी क्लब सचिव भारत माटिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्ण कांबोज, महामंत्री सतीश सैनी, घनश्याम सैनी फतेहगढ़, सचिन राणा, पार्षद विनिश राणा व पार्षद राजीव आर्य सन्नी आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री संजय कुमार कढर के दिशानिर्देशों और संयुक्त पुलिस आयुक्त सोनीपत एवं पुलिस उप-महानिरिक्षक राजेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महिला कुरुक्षेत्र में एक दिवसीय नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### गर्मी से निजात पाने के लिए बच्चे पहुंचे स्विमिंग पूल

**कुरुक्षेत्र।** पिछले कई दिनों से चिलचिलाती धूप एवं भीषण गर्मी में लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। ऐसे में लोगों ने बच्चों को लेकर स्विमिंग पूल की ओर रुख किया है, ताकि गर्मी से बचा जा सके। जिला लाइब्रेरी के समीप स्विमिंग पूल पर कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला। स्विमिंग पूल पर दिन और रात बच्चों का जमावड़ा लगा हुआ नजर आया। स्विमिंग पूल के विक्की कादियांन का कहना है कि इस वर्ष स्विमिंग का प्रशिक्षण देने के लिए टीम गठित की गई है।

### बारना में रक्तदान शिविर आज

**कुरुक्षेत्र।** गांव बारना स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन 12 जून दिन शुक्रवार को उमंग समाजसेवी संस्था द्वारा किया जाएगा। शिविर में लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल के ब्लड़ बैंक की टीम रक्त लेने पहुंचेगी। उमंग संस्था के अध्यक्ष देवीलाल बारना ने कहा कि गर्मी के मौसम के चलते ब्लड़ बैंकों में रक्त की कमी है।

### डीएलएसए ने समाधान शिविर में लगाया हेल्प डेस्क

**थानेसर।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज के निर्देशानुसार लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में आम जनता को विधिक सहायता प्रदान करने हेतु डीएलएसए द्वारा एक हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि डीएलएसए की तरफ से पैनल अधिवक्ता सुप्रीत सिंह समाधान शिविर में आने वाले नागरिकों को विधिक जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं।

### एनपीएस में छोटी बचत से बड़ी सुरक्षा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र सरकारी और कॉर्पोरेट वर्ग के साथ अब किसानों को भी आर्थिक रूप से सुरक्षित भविष्य देने की दिशा में कदम बढ़े हैं। इसी उद्देश्य से लीड बैंक, कुरुक्षेत्र और पेंशन फंड निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण के संयुक्त सहयोग से वीरवार को बीज एनपीएस का, फसल पेंशन की विषय पर विशेष वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम होटल सैफ्रन कुरुक्षेत्र मे आयोजित हुआ।

## अरब सागर के तट पर देखा नदियों की त्रिवेणी, संस्कृति और अध्यात्म का संगम

# श्रीसोमनाथ मंदिर, गीता मंदिर, पांडवों की गुफा के दर्शन कर श्रद्धालु हुए गदगद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अरब सागर के पावन तट 75-80 साल के बुजुर्ग ने नदियों की त्रिवेणी, संस्कृति , अध्यात्म का अनूठा संगम देखने को मिला। इस अनूठे संगम के साथ साथ श्रद्धालुओं ने पहली देश का प्राचीन संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत को देखने का अवसर मिला। इस तीर्थ यात्रा के दौरान श्री सोमनाथ मंदिर के आस पास के सभी तीर्थों और मंदिरों के दर्शन किए हैं इन रस्मों के बाद विशेष ट्रेन वेरावल से कुरुक्षेत्र धर्मनगरी की ओर प्रस्थान कर चुकी है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से ही सोमनाथ मंदिर के दर्शन करवाने के लिए विशेष ट्रेन प्रबंध किया गया है। इस तीर्थ यात्रा के लिए गुजरात सरकार के माध्यम से हर प्रकार के बेहतर प्रबंध किए गए थे इन प्रबंधों के बीच श्रद्धालुओं ने श्री सोमनाथ मंदिर नहीं वैसे तेरे साथ साथ आस पास मंदिरों के दर्शन किए सभी यात्रियों के लिए 22 वर्षों का प्रबंध किया गया था। फिर सोमनाथ मंदिर बना के अलावा श्रद्धालुओं ने गीता मंदिर, सूरजकुंड, अहिल्याबाई मंदिर, श्री राम मंदिर के गोलोक धाम के दर्शन किए है। इन मंदिरों के साथ साथ हिरण, कपिला और सरस्वती नदी के संगम को भी देखा। यह तीनों नदियाँ अरब सागर में समा जाती है। इस के साथ ही भालका तीर्थ जहाँ भगवान श्री कृष्ण के पैर में शिकारी जरा का वाण लगा था, का भी अवलोकन किया।



कुरुक्षेत्र। श्रीसोमनाथ मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालु।

### सरकार ने लगाई टीम की ड्यूटी

श्रीसोमनाथ मंदिर यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से एक टीम की ड्यूटी लगाईगी। इस टीम का नेतृत्व कर रहे चिकित्सक डा सुरेश शर्मा व डा वनिता शर्मा, नेहा ने लगभग 75 श्रद्धालुओं के निशुल्क दवाइयां वितरित की है। इन चिकित्सकों ने लगातार श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य पर नजर रखी। स्टे वैल कंपनी के जयदीप ने कहा कि हरियाणा के श्रद्धालुओं के लिए गुजराती व्यंजनों सहित हरियाणवी व्यंजनों को भी परोसा है। उन्होंने कहा कि गुजरात सरकार की तरफ से श्रद्धालुओं के लिए तमाम व्यवस्थाएं की गई। सभी ने प्रबंधों की सराहना की है।

## आईजीयू में गीता से संबंधित सर्टिफिकेट कोर्सों के साथ चेयर होगी स्थापित

# गीता के ज्ञान से संस्कारित होगी नई पीढ़ी : ज्ञानानंद




कुरुक्षेत्र। एमओयू को दिखाते गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि गीता व्यक्ति को कर्तव्य, अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व और जीवन प्रबंधन की शिक्षा देती है। यदि युवा पीढ़ी गीता के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाए, तो वह न केवल व्यक्तिगत सफलता प्राप्त कर सकती है, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है। गीता हमें निष्काम कर्म, समभाव और मानव सेवा का संदेश देती है, जो एक सशक्त और संस्कारित समाज की आधारशिला हैं। इसी कड़ी में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज की उपस्थिति में गीता ज्ञान संस्थानम में गीता ज्ञान संस्थान जीओ गीता और इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के बीच गीता के प्रचार-प्रसार को लेकर एमओयू हुआ। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी और जीओ गीता की ओर से सचिव मदन मोहन छाबड़ा ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। एमओयू का उद्देश्य गीता आधारित शिक्षा, शोध और अकादमिक गतिविधियों को नई गति देना है। इसके साथ ही भगवद्गीता के शाश्वत ज्ञान को अकादमिक जगत से जोड़ते हुए विद्यार्थियों, शोधार्थियों और समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचाना है। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी ने बताया कि एमओयू के अनुसार इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय गीता संबंधी कार्यक्रमों और पाठ्यक्रमों के संचालन के लिए आवश्यक शैक्षणिक एवं आधारभूत संरचना उपलब्ध कराएगा।

# युवाओं को वीडियो एडिटिंग, ग्राफिक डिजाइनिंग, फिल्म मेकिंग प्रशिक्षण के लिए मिला नया हब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सांसद नवीन जिन्दल द्वारा युवाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर में ब्रिलिको इंस्टीट्यूट्स के नए प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी एवं रोहतक के पूर्व मेयर मनमोहन गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में ग्राफिक डिजाइनिंग, एनीमेशन और फिल्म मेकिंग जैसे क्षेत्र युवाओं के लिए असीम संभावनाओं के द्वार खोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल द्वारा युवाओं के कौशल विकास और रोजगार सृजन के लिए किए जा रहे प्रयास अत्यंत सराहनीय हैं। कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर युवाओं को आधुनिक तकनीकों और उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। नवीन जिन्दल फाउंडेशन स्किल डेवलपमेंट के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. मनीष मिश्रा ने कहा कि कौशल विकास ही विकसित भारत की आधारशिला है और ऐसे संस्थान युवाओं को न केवल



रोजगार प्राप्त करने बल्कि स्वयं उद्यमी बनने के लिए भी सक्षम बनाते हैं। ब्रिलिको इंस्टीट्यूट्स के माध्यम से कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के युवाओं को अब ग्राफिक डिजाइनिंग, एनीमेशन, वीडियो एडिटिंग और फिल्म मेकिंग जैसी रचनात्मक एवं उच्च मांग वाली विधाओं में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त होगा। सांसद नवीन जिन्दल के संसदीय कार्यालय प्रभारी एवं पूर्व आईएएस अधिकारी धर्मवीर सिंह ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल का लक्ष्य कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के युवाओं को देश और दुनिया की नई तकनीकों से जोड़ना तथा उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना है।



### पार्षद सुधीर चुघ का मनाया जन्मदिन

**थानेसर।** वार्ड नंबर 32 के पार्षद सुधीर कुमार चुघ ने अपना जन्मदिन पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा एवं भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष साहिल सुधा के निवास स्थान पर केक काटकर उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पार्षद एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जन्मदिन समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने सुधीर कुमार चुघ को शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं सफल जीवन की कामना की। कार्यक्रम में पार्षद प्रतिनिधि टोनी मदान, पार्षद कवि बजाज, पार्षद कमल किशोर, अश्विनी जैन, रोहित वत्स, विशाल कक्कड़, रंजीत सिंह, राजेंद्र शर्मा, राजेश अरोड़ा, ललित चावला आदि मौजूद रहे।

# गुरुकुल कुरुक्षेत्र में गूंजा वैदिक घोष

## राष्ट्रीय शिविर में 500 युवाओं ने धारण किया यज्ञोपवीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक नगरी कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर स्थित गुरुकुल कुरुक्षेत्र में एक अभूतपूर्व दृश्य देखने को मिला। अवसर था सार्वदेशिक आर्यवीर दल के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय शिविर का, जहाँ देश के 15 प्रान्तों से आए लगभग 500 युवाओं ने आचार्य नन्दकिशोर के ब्रह्मत्व में सामूहिक रूप से वैदिक मंत्रोच्चार कर यज्ञोपवीत (जनेऊ) धारण किया। वैदिक मंत्रोच्चार और आहुतियों के बीच इन युवाओं ने अपने जीवन को राष्ट्र, संस्कृति और मानवता के प्रति समर्पित करने का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर गुरुकुल के मुख्य संरक्षक संजीव आर्य, व्यायाम शिक्षक प्रवीण आर्य सहित अन्य प्रशिक्षक मौजूद रहे। वैदिक दर्शन के अनुसार, यज्ञोपवीत मात्र एक सूत का धागा नहीं, बल्कि मनुष्य का दूसरा जन्म (द्विजत्व) है। शिविर के मुख्य आचार्य और विद्वानों ने इस अनुष्ठान के आध्यात्मिक व वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डाला। आज के आधुनिक युग में जहाँ युवा पाश्चात्य संस्कृति की ओर आकर्षित हो



रहे हैं, वहीं गुरुकुल कुरुक्षेत्र का यह प्रयास युवाओं को अपनी जड़ों अर्थात वैदिक संस्कृति से जोड़ने की एक अनूठी और अनुकरणीय मिसाल है। यज्ञोपवीत धारण करने के बाद सभी आर्यवीरों ने देश की एकता, अखंडता और वैदिक धर्म की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया। आचार्य नन्दकिशोर ने कहा कि यज्ञोपवीत के तीन सूत्र देवऋण, पितृऋण और ऋषिऋण के प्रति कर्तव्यबोध कराते हैं। यह युवावस्था में कदम रख रहे बालकों को संयम, सदाचार और विद्या अर्जन के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।



### मुख्यमंत्री ने थानेसर के लिए सुपर सकर व सीवर के लिए मशीनों की दी मंजूरीः सुधा

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने थानेसर शहर की नगर परिषद को एक सकर मशीन और सीवर के लिए 40 लाख की लागत वाली मशीन लेने की मंजूरी दी है। इस मशीनों से नगर परिषद को कार्य करने में आसानी हो, जिसका शहर के लोगों की समस्याएं हल होंगी। उन्होंने कहा कि थानेसर विधानसभा के अंदर बाढ़ राहत के 80 फीसदी कार्यों को पूरा किया जा चुका है और बाकी कार्य को 10 दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा वीरवार को बाढ़ बचाव के कार्यों को लेकर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में बाढ़ बचाव के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। इस बैठक में डीएमसी अमन कुमार व जिला परिषद के सीईओ विरेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने सभी अधिकारियों को बाढ़ बचाव से संबंधित सभी कार्यों को गंभीरता के साथ करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वो भी विभागों को सहयोग करें। घरों पर प्रयोग होने वाले पॉलीथिन, प्लास्टिक बोतल व अन्य मटेरियल को नालों में ना फेंके, ताकि बरसात के समय नाले चॉक ना हों।

## सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र में समर कैंप का समापन

# प्रतिभागियों ने प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन कर मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शीला नगर स्थित सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र में आयोजित दस दिवसीय समर कैंप का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। 1 जून से 10 जून तक चले इस शिविर में बच्चों और युवाओं ने विभिन्न कलाओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया। समापन समारोह में प्रतिभागियों ने अपने अभिभावकों के समक्ष सीखी हुई प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। शिविर के दौरान बच्चों को गायन, वादन, वेस्टर्न डांस, सेमीक्लासिकल डांस तथा आर्ट एंड क्राफ्ट की बुनियादी शिक्षा दी गई। कार्यक्रम में केंद्र के खूबसूरत परिधानों से सजे बच्चों ने नृत्य, संगीत और रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय



कुरुक्षेत्र। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करते आयोजक।

दिया। बच्चों की प्रस्तुतियों को अभिभावकों और उपस्थित अतिथियों ने खूब सराहा। केंद्र के शिक्षक अमरजीत सिंह तथा अतिथि शिक्षकों अदिति, सुनैना और ध्वनि ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने शिविर के दौरान बच्चों द्वारा किए गए प्रयासों और उनकी उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें निरंतर सीखने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। शिक्षकों ने बच्चों को कला के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और अनुशासन के महत्व की भी जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र के सदस्यों द्वारा बच्चों को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर अभिभावकों ने बच्चों की प्रस्तुति और शिक्षकों की मेहनत की सराहना करते हुए केंद्र की गतिविधियों की प्रशंसा की।



### मां भद्रकाली मंदिर में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने टेका माथा

**कुरुक्षेत्र।** राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को पवित्र धर्मनगरी कुरुक्षेत्र स्थित मां भद्रकाली मंदिर में पहुंचकर मां भद्रकाली के चरणों में श्रद्धापूर्वक हाजिरी लगाई और प्रदेश तथा देश की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर पहुंचने पर उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर मां भद्रकाली का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसर में पहुंचने पर मंदिर पीठाध्यक्ष पंडित सतपाल शर्मा ने वासुदेव देवनानी का स्वागत किया। इस दौरान मंदिर की परंपराओं और धार्मिक महत्व की जानकारी भी दी गई। विधानसभा अध्यक्ष ने मंदिर की ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक विरासत की सराहना करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र की धार्मिक भूमि देशभर के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है। उन्होंने कहा कि मां भद्रकाली मंदिर में दर्शन कर उन्हें विशेष आध्यात्मिक शांति का अनुभव हुआ। इस अवसर पर उपेंद्र सिंघल, आशीष भी मौजूद रहे। पूजा-अर्चना के उपरांत विधानसभा अध्यक्ष ने मंदिर परिसर का अवलोकन किया तथा उपस्थित श्रद्धालुओं से भी भेंट की। मंदिर प्रशासन की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता का कुरुक्षेत्र में पहुंचने पर होगा स्वागत : सुधा

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्षा अर्चना गुप्ता का कुरुक्षेत्र में पहुंचने पर भव्य स्वागत व अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्षा अर्चना गुप्ता 12 जून को सायं 4 बजे आयुष विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में किया जा रहा है। उन्होंने भाजपा के सभी पदाधिकारियों, देवतुल्य कार्यकतार्ओं एवं शुभचिंतकों से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएँ तथा और हम सब कार्यकर्ताओ की प्रेरणास्रोत प्रदेश अध्यक्षा अर्चना गुप्ता का स्वागत करें। उन्होंने कहा कि थानेसर हलका में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में तीन गुणा गति के साथ विकास कार्य किए जा रहे हैं। इस हलका के गांव और शहरों में सबका साथ सबका विकास नीति को आधार मानकर विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। शहर के विकास में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बजट की कोई कमी नहीं रख रहे। आए दिन शहर में एक के बाद एक विकास कार्यों के उद्घदघाटन व शिलान्यास हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहर के किसी भी प्रोजेक्ट को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पास ले जाने के देरी हैं, वहां से परियोजना को मंजूरी साथ के साथ मिल रही है।



**कार्यक्रम** पुलिस कल्याण गोष्ठी में पुलिस कर्मियों के हित में लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय

## पीएनजी गैस सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए भी निर्देश

# पुलिस लाइन में होगी नियमित सफाई, कीटनाशक दवाई का छिड़काव किया जाएगा : पुलिस अधीक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गुरवार को पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन की अध्यक्षता में पुलिस लाईन में पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवारों के कल्याण को लेकर पुलिस कल्याण गोष्ठी का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन ने कल्याण गोष्ठी में पुलिस कर्मियों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। गोष्ठी के दौरान पुलिस कर्मचारियों की सुविधाओं, आवास व्यवस्था, स्वास्थ्य एवं आधारभूत सुविधाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया



कुरुक्षेत्र। पुलिस कल्याण गोष्ठी को संबोधित करते पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन।

कि पुलिस अधीक्षक ने कल्याण गोष्ठी में कहा कि पुलिस कर्मचारी दिन-रात मेहनत कर कानून व्यवस्था बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में उनका कल्याण और सुविधाएं सुनिश्चित करना पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए पुलिस लाइन परिसर में कीटनाशक दवाई का छिड़काव करवाने के आदेश दिए, ताकि मच्छरों एवं अन्य बीमारियों से बचाव किया जा सके। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों के स्वास्थ्य की सुरक्षा बेहद जरूरी है तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए नियमित रूप से सफाई और फॉगिंग करवाई जाएगी। इसके अलावा पुलिस लाइन के क्वार्टरों में पीएनजी गैस सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए संबंधित विभाग को पत्राचार करने के निर्देश दिए गए।

### एसपी आज थाना बाबैन में सुनेंगे जन समस्याएं

पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन शुक्रवार को थाना बाबैन में जनता दरबार लगाकर आमजन की शिकायत/समस्याएं सुनेंगे। थाना बाबैन क्षेत्र का कोई भी नागरिक, जिसकी पुलिस विभाग से संबंधित कोई शिकायत, समस्या या सुझाव है वह शुक्रवार प्रातः 11 बजे थाना बाबैन पहुंचकर सीधे पुलिस अधीक्षक के समक्ष अपनी बात रख सकता है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा आयोजित इस जनता दरबार का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का मौके पर समाधान करना तथा पुलिस और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना है।

